प्रेस नोट थाना तिलहर
जनपद शाहजहाँपुर

सराहनीय कार्य 08.05.2025

SWAT टीम, सर्विलांस सेल व थाना तिलहर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले 02 अभियुक्तगणों को क्रमशः 1.213 किलोग्राम व 1.310 किलोग्राम (कुल-2.523 किलोग्राम) अवैध अफीम के साथ गिरफ्तार किया गया।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदया के निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी तिलहर के पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे अभियान रोकथाम जुर्म जरायम अपराध, बरामदगी अवैध शराब, शस्त्र, मादक पदार्थ एंव चोरी, लूट, डकैती, गौ तस्कर, जिला बदर व वांछित/वारण्टी अपराधी की गिरफ्तारी के क्रम मे प्रभारी निरीक्षक थाना तिलहर के नेतृत्व में अभियान को सफल बनाने के लिए विभिन्न पुलिस टीमें गठित की गई तथा गठित पुलिस टीम द्वारामुखविर खास की सूचना पर अभियुक्तगगण 1. राजकुमार पुत्र जगदीश महतो 2. विनोद कुमार दांगी पुत्र स्व रामसेवक महतो निवासीगण ग्राम गिधौर थाना गिधौर जनपद चतरा, झारखण्ड को क्रमशः 1.213 किलोग्राम व 1.310 किलोग्राम अवैध अफीम के साथ रेलवे पुल बंथरा के नीचे निकट रेलवे लाईन के पास से आज दिनांक 08.05.2025 को समय करीब 02.15 बजे गिरफ्तार किया गया जिसके सम्बन्ध में थाना तिलहर पर मु0अ0सं0 207/25 धारा 8/18 एन.डी.पी.एस एक्ट पंजीकृत किया गया है। अभियुक्तगणों के विरूद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण -

1. राजकुमार पुत्र जगदीश महतो निवासी ग्राम गिधौर थाना गिधौर जनपद चतरा ,झारखण्ड उम्र करीब 43
2.विनोद कुमार दांगी पुत्र स्व रामसेवक महतो नि0 ग्राम गिधौर थाना गिधौर जनपद चतरा, झारखण्ड उम्र करीब 42

पंजीकृत अभियोग का विवरण -

मु0अ0सं0 207/25 धारा 8/18 एन.डी.पी.एस एक्ट थाना तिलहर जनपद शाहजहांपुर।

आपराधिक इतिहास राजकुमार पुत्र जगदीशः -

मु.अ.सं. 01/2022 धारा 8/18 एन.डी.पी.एस एक्ट जनपद बरेली।

बरामदगी विवरणः-

1. एक प्लास्टिक के थैले में पारदर्शी पिन्नी में करीब 1.213किलोग्राम अवैध अफीम
2. एक कॉटन के थैले मे पारदर्शी पिन्नी मे करीब किलोग्राम अवैध अफीम

विवरण पूँछताछ-

गिरफ्तार किये गये दोनो अभियुक्तों ने एक स्वर में बताया कि साहब गलती हो गयी है आप लोगो ने हमे रंगे हाथों पकड लिया है हम चाहकर भी आपसे अब कोई बात नही छिपा सकते हैं। आप हमारी तलाशी तो लिये बिना छोडेंगे नहीं इसलिए हम झूठ नही बोलेंगे। हम आपको सारी बात सच सच बताते हैं। हमारे पास नशीला पदार्थ अफीम है जिसे हम झारखंड से बेचने के लिये लेकर आये है। अफीम को देर सवेर जगह-जगह आने जाने वालें माल वाहक ड्राईवरों को बेचकर कुछ पैसा कमा लेते हैं। यहाँ हम बस से उतरकर ट्रक/बस/माल वाहन ड्राईवरों को बेचने के लिए आये हैं।

अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-

1.नि0 श्री धर्मेन्द्र सिंह प्रभारी एस.ओ.जी. जनपद शाहजहाँपुर मय टीम

2.उ0नि0 श्री मनोज कुमार प्रभारी सर्विलान्स सैल जनपद शाहजहाँपुर मय टीम

3.उ0नि0 रोहित कुमार थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर

4.उ0नि0 विशेष कुमार थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर

5.हे0का0 239 ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर

6.का. 1313 सन्नी तोमर थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर